देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 226 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**देश दे रहा सीडीएस को श्रद्धांजलि



देहरादून, रविवार, 12 दिसंबर 2021

# पेज थ्री



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 21.0° न्यूनतम 11.0°

40243.39

2 श्रीलंका का सहारा बनेगा भारत

7 रितुराज गायकवाड का तीसरा शतक

# भारत दुख में है... लेकिन रुकेगा नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी के बलरामपुर में बेहद भावुक अंदाज में कहा कि भारत दुख में है। उन्होंने 8 दिसंबर के हेलिकॉप्टर हादसे में मारे गए सीडीएस जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी के अलावा अन्य 11 फौजी जांबाजों के निधन का जिक्र करते हुए कहा कि देश इस दर्द को सहते हुए भी आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जनरल बिपिन रावत जहां भी होंगे, वो देश की प्रगति के साक्षी बनेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार और देश की जनता और अधिक मेहनत करके भारत को ताकतवार और समृद्धशाली बनाएंगे।

पीएम मोदी ने बलराम में सरयू कनाल नैशनल प्रॉजेक्ट का उद्घाटन समारोह में जुटी हजारों की भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, श्भारत दुख में है, लेकिन दर्द सहते हुए भी हम ना अपनी गति रोकते हैं और ना हमारी प्रगति। भारत रुकेगा नहीं, भारत थमेगा नहीं। मोदी ने कहा, जनरल बिपिन रावत आने वाले दिनों में अपने भारत को नए संकल्पों के साथ, वे जहां होंगे, वहां से भारत को आगे बढ़ते हुए देखेंगे। देश की सीमाओं की सुरक्षा बढ़ाने का काम, बॉर्डर इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का काम, देश की सेनाओं को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान, तीनों सेनाओं में तालमेल सुदृढ़ करने का अभियान, ऐसे अनेक काम तेजी से आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होंने कहा, हम भारतीय मिलकर और मेहनत करेंगे, देश के भीतर और देश के बाहर बैठी हर चुनौती का मुकाबला करेंगे। भारत को और शक्तिशाली और समृद्ध बनाएंगे।

**वीरों की धरती से श्रद्धांजलि दे रहा हूं:** प्रधानमंत्री ने हादसे में प्राणों का बलिदान देने वाले जांबाजों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, राष्ट्र निर्माताओं और राष्ट्र रक्षकों की इस धरती से मैं आज देश के उन सभी वीर योद्धाओं को भी श्रद्धांजलि दे रहा हूं जिनका 8 दिसंबर को हेलिकॉप्टर हादसे में निधन हो गया। भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत जी का जाना हर भारतप्रेमी के लिए, हर राष्ट्रभक्त के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

जनरल बिपिन रावत जी जितने जांबांज थे, देश की सेनाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जितनी मेहनत करते थे, पूरा देश उसका साक्षी रहा है। पीएम ने कहा कि सैनिक का पूरा जीवन एक योद्धा की तरह होता है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीडीएस जनरल बिपिन रावत को श्रद्धांजलि दी

### ग्रुप कैप्टन की जिंदगी की दुआ

पीएम ने हादसे में जिंदा बचे एकमात्र जांबाज ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह के स्वस्थ होने की कामना की। मोदी ने कहा, यूपी के सपूत, देवरिया के रहने वाले ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह जी का जीवन बचाने के लिए डॉक्टर जी–जान से लगे हुए हैं। मैं मां पाटेश्वरी से उनके जीवन की रक्षा की प्रार्थना करता हूं। देश आज वरुण सिंह जी के परिवार के साथ है, जिन वीरों को हमने खोया है, उनके परिवारों के साथ है।



### पिछली सरकारों की लापरवाही, देश चुका रहा कीमतः पीएम

बलरामपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते चालीस वर्ष से लम्बित पड़ी सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना का शनिवार को बलरामपुर में उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने बलरामपुर में बहराइच मार्ग पर हंसुवाडोल गांव में सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना के लोकार्पण के लिए जैसे ही रिमोट का बटन दबाया, लबालब भरी सभी नहरों में पानी बहने लगा। आज यह लगभग 10,000 करोड़ खर्च करने के बाद पूरी हुई है। पहले ही सरकारों की लापरवाही की 100 गुना ज्यादा कीमत देश को चुकानी पड़ी है।

### समाजवादी पार्टी पर तंज कसा

प्रधानमंत्री ने इस दौरान समाजवादी पार्टी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की प्राथमिकता फीता काटना है, जबकि हमारी प्राथमिकता योजनाओं को समय पर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि मैं जब आज दिल्ली से चला तो मैं सुबह से इंतजार कर रहा था कि कब कोई आएगा और कहेगा कि मोदी जी इस योजना का फीता तो मैंने काटा था। कुछ लोगों की ऐसा कहने की आदत है, हो सकता है कि बचपन में इस योजना का फीता भी उन्होंने ही काटा हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने मिर्जापुर में बाण सागर परियोजना का लोकार्पण किया। इसके साथ ही अर्जुन सहायक नहर परियोजना का लोकार्पण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### वायु सेना ने ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह की हालत स्थिर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। 8 दिसंबर को हुई हेलिकॉप्टर दुर्घटना में जीवित बचने वाले वे अकेले व्यक्ति ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह हैं। उनका इलाज कमांड अस्पताल, बेंगलुरु में चल रहा है। दुर्घटना में सीडीएस जनरल बिपिन रावत और 12 अन्य लोगों की जान चली गई थी। भारतीय वायु सेना अधिकारी ने बयान जारी कर कहा कि भारतीय वायु सेना अधिकारी ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह की हालत नाजुक लेकिन स्थिर बनी हुई है।

### भारत में कम 93,277 हुए सक्रिय केस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत में पिछले 24 घंटे में सामने आए नए कोरोना वायरस के मामलों में कमी दर्ज की गई है। साथ ही सक्रिय मामलों में कमी नजर आई है। कोरोना के मामले पिछले काफी समय से 10 हजार से नीचे नजर आ रहे हैं। कोविड–19 के ताजा आंकड़े केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए हैं।

# किसान प्रदर्शनकारियों की आधिकारिक वापसी शुरू

## सुगम यातायात के लिए अभी करना होगा इंतजार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा किसान आंदोलन को स्थगित करने के ऐलान के बाद दिल्ली–एनसीआर के चारों बार्डर से शनिवार से प्रदर्शनकारियों की आधिकारिक वापसी शुरू हो गई है। शनिवार सुबह से ही किसान प्रदर्शनकारियों की गाड़ियों के काफिले निकल रहे हैं। बता दें कि दिल्ली–एनसीआर के चारों बार्डर (सिंघु, शाहजहांपुर, टीकरी और गाजीपुर) से किसानों की वापसी शुरू तो हो गई है, लेकिन यहां पर यातायात सामान्य होने में अभी एक–दो दिन से लेकर सप्ताह भर का समय लग सकता है। बता दें कि किसानों द्वारा शनिवार को विजय रैली के बाद आंदोलन स्थल खाली किए जाएंगे।

जयसिंहपुर खेड़ा–शाहजहांपुर बार्डर पर किसानों ने हटाए टेंट रेवाड़ी संवाददाता के अनुसार, दिल्ली–जयपुर हाईवे स्थित जयसिंहपुर खेड़ा–शाहजहांपुर बार्डर पर शुक्रवार को ही किसानों ने अपने टेंट व अन्य सामान हटा लिए। पुलिस ने भी हाईवे से बैरिकेड व कंटेनर हटाकर रास्ता पूरी तरह से खोल दिया। करीब एक साल बाद दिल्ली–जयपुर हाईवे पर ट्रैफिक सुचारू हुआ।

इसी तरह यूपी गेट (गाजीपुर बार्डर दिल्ली) पर शुक्रवार को भी प्रदर्शनकारियों की वापसी जारी रही। एक बड़ा लंगर और चिकित्सा शिविर बंद हो गया। प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को विजय दिवस मनाने और 15 दिसंबर तक पूरी तरह से टेंट व अन्य सामान समेटने का ऐलान किया है।

गौरतलब है कि दिल्ली एनसीआर के बार्डर से किसानों की वापसी जश्न मनाने के साथ हो रही है। खासतौर से दिल्ली–हरियाणा के सिंघु बार्डर से शंभु बार्डर तक किसान शनिवार से विजय मार्च शुरू करेंगे। इस दौरान यह मार्च हरियाणा के कई जिलों से होकर गुजरेगा।

### मोर्चा के नेता पहुंचे गुरुद्वारा बंगला साहिब

संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने गुरुद्वारा बंगला साहिब पहुंचकर मत्था टेका। डीएसजीएमसी के कार्यकारी महासचिव हरमीत सिंह कालका ने किसान नेताओं को सम्मानित किया। मोर्चा के नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि प्रदर्शन की वजह से दिल्ली के लोगों को परेशानी हुई उसके लिए माफी मांगते हैं। राकेश टिकैत ने भी डीएसजीएमसी और दिल्ली की संगत का आभार जताया।

# देश में ओमिक्रोन के मामले बढ़कर 33 हुए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में शनिवार को ओमिक्रोन का एक और केस सामने आया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जिम्मबाब्वे से आए एक शख्स के ओमिक्रोन से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। इसे दिल्ली के एलएनजेपी में भर्ती कराया गया है। दिल्ली में ओमिक्रोन का यह दूसरा मामला है। इससे पहले तंजानिया से आए शख्स में ओमिक्रोन की पुष्टि हुई थी। इसके साथ ही देश में ओमिक्रोन के मामले बढ़ कर 33 हो गए हैं। कोरोना के इस नए वैरिएंट के खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने राज्यों को पत्र लिखकर सचेत किया है।

महाराष्ट्र में ओमिक्रोन के सबसे अधिक 17 मामले हैं। इसके बाद राजस्थान में नौ मामले हैं। मुंबई में ओमिक्रोन को लेकर बढ़ती चिंताओं के मद्देनजर 11 और 12 दिसंबर को धारा–144 लागू कर दी गई है। नए आदेश के तहत रैलियों, मोर्चों, जुलूसों आदि पर रोक लगा दी गई है।

केंद्र ने भी मास्क का इस्तेमाल कम होने का हवाला देते हुए आगाह किया है कि लोग जोखिम मोल ले रहे हैं। सरकार का कहना है कि अभी मास्क हटाने का वक्त नहीं आया है। इससे हम फिर खतरे की स्थिति में आ गए हैं। हमें याद रखना होगा कि वैक्सीन की दोनों खुराक लेने के साथ मास्क का इस्तेमाल भी बेहद जरूरी है।

**हालात पर रखें कड़ी नजरः** केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भी निर्देश दिया है कि वे स्थिति पर कड़ी नजर रखें और जिला स्तरीय उपायों पर ध्यान दें। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि पुडुचेरी, मणिपुर, केरल, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और नगालैंड के 19 जिलों में बीते दो हफ्ते में पिछले पांच से 10 फीसद के बीच पाजिटिव दर दर्ज की गई है।

### अलर्ट

■ महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा केस, बढ़ी पाबंदियां

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# पूर्वोत्तर पर कब्जे का नापाक इरादा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। शी जिनपिंग की अगुआई में चीन तेजी से हिंद प्रशांत क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है। दशकों से भारत के प्रति उसका रवैया आक्रामक रहा है। पिछले काफी वक्त से एलएसी पर तनाव है। जिनपिंग कई मौकों पर चीनी सेना को युद्ध के लिए तैयार रहने का बयान दे चुके हैं। वैश्विक व्यवस्था के हर क्षेत्र में अमेरिका की बादशाहत को चुनौती देने के कोशिश में लगा चीन आखिर एलएसी पर भारत के साथ तनाव को क्यों भड़का रहा है? कैबिनेट सचिवालय में अतिरिक्त सचिव रह चुके और वर्तमान में सेंटर फॉर चाइना ऐनालिसिस ऐंड स्ट्रेटजी के प्रेजिडेंट जयदेव रानाडे इसके पीछे चीन की गहरी चाल बताते हैं। चीन की आक्रामकता कुछ और नहीं, उसके डर का नतीजा है जो उसे भारत से लग रहा है! रानाडे ने चीन के उस डर के बारे में बताया है, जिसे दूर करने के लिए वह एलएसी पर आक्रामक है। उन्होंने लिखा है कि पिछले साल अक्टूबर में चीन के लोकप्रिय पोर्टल झिहु पर एक 72 पेज का आर्टिकल छपा था।

### चीन की साजिश को लेकर एक्सपर्ट ने चेताया